14. The Borrower(s)/Guarantor(s) are hereby given **30 DAYS SALE NOTICE UNDER THE SARFAESI ACT, 2002** to pay the sum mentioned as above before the date of Auction failing which the immovable property will be auctioned and balance, if any, will be recovered with interest and costs. If the Borrower pays the amount due to MOHFL. in full before the date of sale, auction is liable to be stopped.
15. The Total Loan Outstanding amount is not the loan foreclosure amount. All other charges (if any) shall be calculated at the time of closure of the loan.
16. MOHFL is not responsible for any liabilities whatsoever pending upon the property as mentioned above. The Property shall be auctioned on 'As Is Where Is Basis', 'As Is What Is Basis' and 'Whatever Is and "no recourse" Basis'.
17. The sale shall be subject to rules/conditions prescribed under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002, as amended from time to time; It shall solely be the responsibility of the Successful Bidder/ Purchaser to get the sale registered. All expenses relating to stamp duty, registration charges, transfer charges and any other expenses and charges in respect of the registration of the sale for the above referred property shall be borne by the Successful Bidder/ Purchaser. The sale has to be registered at the earliest else the purchaser has to give the request letter to MOHFL mentioning the reason of delaying the registration;
18. No person other than the intending bidder/ offerer themselves, or their duly authorised representative shall be allowed to participate in the e-Auction/sale proceedings. Such Authorisation Letter is required to submit along with the Bid Documents;
19. **Special Instruction:** e-Auction shall be conducted by the Service Provider, M/s. Inventon Solutions Pvt. Limited on behalf of Motilal Oswal Home Finance Limited, on pre-specified date, while the bidders shall be quoting from their own home/ offices/ place of their Bid as per their choice above the Reserve Price. Internet connectivity and other paraphernalia requirements shall have to be ensured by bidders themselves. Please note that failure of Internet connectivity (due to any reason whatsoever it may be) shall be sole responsibility of bidders and neither MOHFL nor InventON shall be responsible for these unforeseen circumstances. In order to ward-off such contingent situation, bidders are requested to make all the necessary arrangements/ alternatives whatever required so that they are able to circumvent such situation and still be able to participate in the e-Auction successfully. However, it is requested to the Bidder(s) not to wait till the last moment to quote/improve his/ her Bid to avoid any such complex situations.
20. The same has been in published in our portal - **https://motilaloswalhf.com/eauction-pdf**

NB: Please note that the secured creditor is going to issue the sale notice to all the Borrowers/ Guarantors/ Mortgagors by speed/ registered post. In case the same is not received by any of the parties, then this publication of sale notice may be treated as a substituted mode of service.

Place : PITHAMPUR
Date : 24-01-2023

Sd/-
Authorised Officer
Motilal Oswal Home Finance Limited

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

SASTRA Division, Head Office, 3rd Floor, East Wing, Plot No.4, Sector-10, Dwarka, New Delhi

Date: 07.11.2022

ORDER OF THE REVIEW COMMITTEE FOR DECLARATION OF WILFUL DEFAULTERS, PURSUANT TO PROCEEDINGS CONDUCTED AT HEAD OFFICE ON 28.09.2022
M/s Kuber Enterprises (Rs. 0.77 Crore)
CS: Indore / ZS: Bhopal
Date of NPA: 30.10.2019

In terms of RBI Master Circular no. DBR. No. CID.BC.22/20.16.003/2015-16 dated July 01, 2015, Committee for Identification of Wilful Defaulters issued Show Cause Notice dated 08.10.2021 to following persons mentioning the grounds on the basis of which they are identified as wilful Defaulter(s):

1. **M/s. Kuber Enterprises (Borrower)**
2. **Smt. Simran Singh Solanki (Proprietor)**
3. **Sh. Dinesh Izardar (Khati) (Director)**

Vide the Show Cause Notice, the above-named persons were given opportunity to make a representation, if they so desire, to the Bank within 15 days from receipt of notice, as to why they not be classified as wilful defaulters. Against the said Show Cause Notice(s), no reply representations was mede the above persons

Thereafter, the Identification Committee after due consideration of the representation and facts on record, in its meeting held on 22.11.2021 had observed that the above- named persons had defaulted in payment/repayment obligations to the Bank and identified them as wilful defaulters on the following grounds:

Capacity to Pay :

As per CR, borrower/guarantor is having sufficient net means but despite having sufficient net means, they are not repaying the Bank's dues. Net means of borrower/guarantor is as follows:

(Rs. in Crore)

Name	Net Means	CR dated
Smt. Simran Singh Solanki (Proprietor)	0.60	15.06.2017
Shri Dinesh Izardar (Khati) (Guarantor)	0.88	20.07.2018

Accordingly, the Identification Committee had issued order on 26.11.2021. In its said order, the committee had also directed that the above-named persons are free to make a written representation against the order of Identification Committee, within a period of 15 days from the date of receipt of order to the Review Committee headed by the MD & CEO of the bank.

Despite service of the order of the Committee for Identification of Wilful Defaulters of the Bank, no representation was received from the Borrower and its above named Directors.

ORDER OF THE REVIEW COMMITTEE FOR DECLARATION OF WILFUL DEFAULTERS:

The Review Committee chaired by the undersigned MD & CEO of the Bank and the Directors of the Bank as members, after due consideration of the above said facts and evidence on record in its meeting held on 28.09.2022 concurred with the order of Identification Committee and found that the captioned Borrower and its Directors are responsible for above event(s) of wilful default, which constitute cogent ground(s) of being declared as 'Wilful Defaulted in terms of extant Bank guidelines issued in consonance with the RBI guidelines/Master Circular No. DBR. NO. CID. BC.22/10.16.003/212-16 dated 01.07.2015 and declared **M/s Kuber Enterprises (Borrower), Smt Simran Singh Solanki (Proprietor) and Shri Dinesh Izardar (Khati) (Guarantor) as " Wilful Defaulter(s)"** for the reason(s) mentioned above

PANKAJ JOSHI (DIRECTOR-MEMBER)
GAUTAM GUHA (DIRECTOR-MEMBER)
SANJEEV KUMAR SINGHAL (DIRECTOR-MEMBER)
ATUL KUMAR GOEL-CHAIRPERSON (MANAGING DIRECTOR & CHIEF EXECUTIVE OFFICER)

एक नजर

जनजातीय समुदाय के कल्याणकारी प्रयासों को मिला आशीर्वाद

भोपाल,(निप्र)। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 19 नगरीय निकायों में हुए चुनाव के परिणामों में भाजपा को मिली सफलता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आशीर्वाद और जनता की मुहर बताते हुए कहा है कि हमने जनजातीय समुदायों को अधिक अधिकार संपन्न बनाया। प्रदेश के विकास में जनजातीय समुदायों के कल्याण को सर्वोपरि रखने की मोदी और शिवराज जी की नीति का ही नतीजा है कि समुदाय हमेशा से भाजपा पर ही भरोसा करता रहा है और आज भी चुनाव परिणामों में भी इसे देखा जा सकता है। परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि 19 नगरीय निकायों में 11 में भाजपा को बहुमत प्राप्त हुआ है, जबकि इनके कुल 343 वार्डों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 183 वार्डों में जीत दर्ज की है। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों के मद्देनजर राहुल गांधी का जनजातीय क्षेत्रों में दौरा रखा था, लेकिन चमत्कार तो दूर इसका प्रभाव भी परिणामों में कहीं नजर नहीं आ रहा है। जनजातीय समुदाय कमलनाथ के शासनकाल में अपने साथ हुए छल और राहुल गांधी की वादा खिलाफी को अभी भूला नहीं है। आने वाले विधानसभा चुनावों में भी इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। कांग्रेस को जीत मिलना तो दूर, प्रत्याशी तलाशने के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी।

गणतंत्र दिवस से होगी लोकरंग की शुरूआत

भोपाल,(निप्र)। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की शाम सात बजे से राजधानी भोपाल के रविन्द्र भवन में लोकरंग कार्यक्रम की शुरूआत होगी। 30 जनवरी तक चलने वाले इस समारोह का उद्घाटन राज्यपाल मंगू भाई पटेल करेंगे। इस कार्यक्रम में संस्कृति पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर मौजूद रहेंगी। संस्कृति और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा 38वां लोकरंग उत्सव 26 से 30 जनवरी तक रवींद्र भवन परिसर, भोपाल में आयोजित किया जायेगा। समारोह की शुरूआत में राष्ट्रीय स्तर के सम्मान भी दिए जाएंगे। इसके साथ ही लोकरंग उत्सव में विविध शिल्प माध्यमों के शिल्पों का मेला हुनर, कलात्मक दीपकों की प्रदर्शनी अभ्यर्थना, कला एवं संस्कृति विषयक पुस्तकों का पुस्तक मेला, देशज व्यंजन स्वाद प्रदर्शनी, गायन प्रस्तुति पर लोकराग भी मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। हर साल गणतंत्र दिवस पर होता है लोकरंग का आयोजन- भोपाल में हर साल गणतंत्र दिवस पर लोकरंग का आयोजन किया जाता है। इस साल लोकरंग के केंद्र में विमुक्त एवं घुमन्तू विषय को रखा गया है। शुभारंभ के मौके पर समवेत नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किए जाएंगे। लोकरंग में तीन विदेशी नृत्य यूके, यूक्रेन, इजिप्ट और भारत के 12 राज्यों मध्यप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखण्ड, उड़ीसा, उत्तराखंड, आसाम, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजरात के घुमन्तू एवं लोक समुदायों के कलाकार नृत्यों की प्रस्तुतियां देंगे।

होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति और पाठ्यक्रम पर सेमीनार आज

भोपाल,(निप्र)। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति एवं पाठ्यक्रम पर देशभर के होम्योपैथी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं चिकित्सकों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार 24 और 25 जनवरी को भोपाल में होने जा रहा है। राष्ट्रीय सेमीनार आयुष परिसर एमएसीटी हिल्स के शासकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में होगा। सेमीनार का उद्देश्य नवीन शिक्षा नीति अंतर्गत क्षमता आधारित गतिशील पाठ्यक्रम, आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक से विद्यार्थियों को अवगत कराना है। सेमीनार, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। सेमीनार में देशभर के 250 से अधिक होम्योपैथी महाविद्यालयों के प्राचार्य और आयोग के पदाधिकारी विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सचिव आयुष मंत्रालय केन्द्र सरकार वैद्य राजेश कोटेचा मौजूद रहेंगे। सेमीनार की अध्यक्षता सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय करेंगे।

अपार्टमेंट के फ्लैट लगी आग बम की तरह फूटा गैस सिलेंडर

भोपाल,(निप्र)। राजधानी भोपाल के न्यू मार्केट में त्रिवेणी अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट आग लगने के बाद गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इस दौरान तेज धमाका भी हुआ। जिससे आसपास के लोग सहम उठे। जिस जगह सिलेंडर फटा, वह दीवार में भी बड़ा सा होल हो गया। सिलेंडर में ब्लास्ट होने से ऊपर-नीचे के फ्लेट में भी नुकसान पहुंचा है। एक घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। फ्लैट स्कूल शिक्षिका नुसरत जहां का है। सोमवार दोपहर में जब आग लगी, तब वे स्कूल गई थीं। आग लगने के बाद वे मौके पर पहुंची। आग की लपटें उठने से अपार्टमेंट में खासी भीड़ लग गई।



तीन स्थानों पर सीसी रोड का भूमिपूजन

आष्टा,(निप्र)। हमारा आष्टा नगर निर्माण व विकास के कार्यों में तेजी से आगे बढ़ रहा है, नागरिकों को सुविधा प्रदान कराना हमारा प्रथम दायित्व है । इसी उद्देश्य को लेकर हमारी परिषद नगर में निर्माण कार्य करा रही है। हमारा प्रयास यही है कि मूलभूत सुविधाओं के लिए नागरिकों को परेशान न होना पड़े और सभी आवश्यकताओं की पूर्ति समयसीमा के साथ ही आसानी से नागरिकों तक पहुंच सकें। इस आशय के विचार विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड क्रमांक 15 स्थित इंदिरा कॉलोनी में तीन स्थानों पर सीसी रोड़ निर्माण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर व्यक्त किए। उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ाए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर द्वारा संयुक्त रूप से पुजारी दुगार्दास बैरागी द्वारा पूर्ण विधि.विधान व मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया।

चुनावी साल में सरपंचों को सीएम ने दी सौगात

15 से बढ़ाकर 25 लाख रुपये की गई वित्तीय सीमा

भोपाल,(निप्र)। चुनावी साल में मध्यप्रदेश की सरकार सभी को कुछ न कुछ सौगात दे रही है। अभी कुछ ही दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला पंचायत अध्यक्षों को सौगात देते हुए उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा देने सहित उनका मानदेय एक लाख रुपये प्रति माह कर दिया है। अब प्रदेश सरकार ने सरपंचों को भी सौगात दी है। अब सरपंचों की वित्तीय सीमा 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी है। इससे ग्रामीण सरकार अपने गांवों में विकास बेहतर ढंग से करा सकेगी।



सरपंचों के मानदेय में भी हो चुकी है बढ़ोतरी- मध्यप्रदेश के सरपंचों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। सरकार ने सरपंचों के खर्चे के अधिकार बढ़ा दिए हैं। ग्राम पंचायतों में सरपंचों को अब 25 लाख रुपये तक खर्च करने का अधिकार होगा। बता दें कि चुनाव से पहले सरकार पंचायतों को मजबूत कर रही है। पंचायत के बजट में खुद सरकार ने बढ़ोतरी की है। विकास एवं सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में खर्च कर सकें। इसलिए राशि बढ़ाई गई है। इससे पहले सरपंचों के मानदेय में बढ़ोतरी हो चुकी है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। विभाग के अवर सचिव शोभा निकुम के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया है।

स्कूलों की मान्यता को लेकर सरकार सख्त

भोपाल,(निप्र)। मप्र में निजी स्कूलों के सामने अब नई मुश्किल खड़ी हो गई है। अब तक उन्हें ऑनलाइन स्कूल की मान्यता सिर्फ कागजों पर खानापूर्ति कर मिल जाती थी। लेकिन वास्तविक स्थिति में बच्चों को स्कूल में कोई सुविधा नहीं मिलती थी। वहीं मान्यता के मापदंडों पर भी स्कूल खरा नहीं उतर पाता था। ऐसे में अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत भी ये स्कूल सरकार से 25 प्रतिशत बच्चों की फीस वसूल लेता था। लेकिन करोड़ों रुपए लेने के बाद भी बच्चों की शिक्षा महज खानापूर्ति तक सीमित रह जाती थी। इस कारण अब सरकार सख्त हो गई है। अब बिना निरीक्षण के स्कूलों को मान्यता नहीं मिलेगी। इस कारण स्कूलों को भी बच्चों के नाम पर फीस लेने से पहले स्कूलों में पर्याप्त सुविधा करनी होगी। अन्यथा उन्हें मान्यता नहीं मिलेगी। प्रदेश में शिक्षा के अधिकार में संशोधन कर सरकार ने कड़े नियम लागू कर दिए हैं। डीपीसी, बीआरसी को पावरफुल किया गया है। बिना निरीक्षण के किसी भी स्कूल को मान्यता नहीं मिलेगी।

मौसम में बदलाव जारी,दक्षिण से आ रहीं गर्म हवा

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। दक्षिण से आ रही हवाओं से पारा चढ़ रहा है। बादलों की वजह से भी मौसम से सर्दी गायब है। कहीं-कहीं बारिश होने से आसपास जरूर ठंडक का अहसास हो रहा है। दो-तीन मौसम ऐसा ही बना रहेगा। कोहरे और बारिश के लिए चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम में आए इस बदलाव के चलते अभी कुछ दिन कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत रहेगी। अधिकांश शहरों में रात का तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा।

मौसम केंद्र की रिपोर्ट बता रही है कि बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के ग्वालियर, रीवा और सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। दमोह जिले में बहुत घना कोहरा रहा। सागर जिले में मध्यम से घना कोहरा देखा गया और भोपाल, रायसेन और छतरपुर जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा रहा। न्यूनतम तापमान उज्जैन संभाग के जिलों में काफी बढ़ा। रात का तापमान रीवा, सागर और नर्मदापुरम संभागों के जिलों में सामान्य से विशेष रूप से अधिक रहा। प्रदेश में सबसे कम तापमान 8.8 डिग्री दर्ज किया गया।

अगले 24 घंटों के लिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान कहता है कि ग्वालियर और चंबल संभागों के जिलों तथा छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर और नीमच जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। इसके मुताबिक चंबल संभाग के जिलों तथा दतिया, ग्वालियर, सागर, शिवपुरी, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। ग्वालियर और चंबल संभागों के जिलों तथा छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कहीं-कहीं गरज के साथ बिजली चमकने गिरने की संभावना है।



भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने क्रिस्प द्वारा आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

कांग्रेस सेवादल का पदभार ग्रहण समारोह

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल की एक दिवसीय मोटिवेशनल बैठक एवं नवनियुक्त प्रदेश मुख्य संगठक योगेश यादव का पदभार ग्रहण कार्यक्रम 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य में म.प्र.कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन शिवाजीनगर भोपाल में आयोजित है। कांग्रेस सेवादल की महिला अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अनुशंसा एवं अ.भा.कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई जी के प्रस्ताव पर अ.भा.कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने श्री योगेश यादव को म.प्र.कांग्रेस सेवादल का प्रदेश मुख्य संगठक (अध्यक्ष) नियुक्त किया है । इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के तीनी विंग सेवादल, महिला सेवादल एवं यंग ब्रिगेड सेवादल के सभी प्रदेश, जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों सहित सेवादल के वदीर्धारी कार्यकर्ता हिस्सा लेंगें।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण

विदिशा,(निप्र)। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक, अंग्रेजों की दासता से भारतमाता को मुक्त कराने केलिए ह्यआजाद हिंद फौजह्न की स्थापना कर सशस्त्र संघर्ष करनेवाले, नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125 वीं जन्मजयंती पर विदिशा कलेक्ट्रेट परिसर में विदिशा के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रघुवीरचरण शर्मा द्वारा अपनी सम्मान निधि से स्थापित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर ह्यरघुवीरचरण शर्मा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी न्यास के गोविंद देवलिया, अतुल शाह, नगर पालिका विदिशा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश टंडन, जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, अरविंद श्रीवास्तव, दीपक तिवारी,रामकृष्ण शर्मा, वाजपेई, विजय चतुर्वेदी, ओमप्रकाश चतुर्वेदी, सुरेन्द चौहान,पंकज पांडे, विमलेश सक्सेना रामप्रकाश सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर मुकेश टंडन, गोविंद देवलिया, अतुल शाह ने नेताजी के स्वाधीनता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री टण्डन ने इस अवसर पर स्व रघुवीर चरण शर्मा का स्मरण करते हुए उन्हें विशेष रुप से धन्यवाद ज्ञापित किया,जिनकी प्रेरणा और उनके द्वारा प्रदत्त निधि से क्रांतिकारियों की मूर्तियां नगर में स्थापित हुई है।

विदिशा के सार-समाचार

विकास यात्राओं का आयोजन अब पांच से 25 फरवरी तक

विदिशा ,(निप्र)। जिले में विकास यात्राओं का आयोजन नवीन कार्यक्रम के अनुसार अब पांच फरवरी से शुरू होगा जो 25 फरवरी तक जारी रहेगा। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान जिले में प्रस्तावित विकास यात्राओं के आयोजनों पर किए जाने वाले प्रबंधो की बिन्दुवार समीक्षा की।कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि पांच फरवरी से शुरू होने वाली विकास यात्रा विधानसभा स्तरीय आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रचार रथ प्रचार-प्रसार के अलावा आयोजित कार्यक्रम स्थलों पर सम्मानित होने वाले, योजनाओं से लाभांवित होने वालो के अलावा निर्माण कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्य प्राथमिकता के साथ सम्पन्न होगा।

दो दिवसीय कमिश्नर्स/कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस

विदिशा ,(निप्र)। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 31 जनवरी एवं 01 फरवरी, 2023 को कमिश्नर्स/कलेक्टर्स/पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई है। कांफ्रेंस का एजेण्डा एवं निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

सारंग ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे

विदिशा ,(निप्र)। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। उक्त कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा।

सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी प्रतियोगिता

विदिशा ,(निप्र)। सांसद खेल महोत्सव के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन विदिशा जिले के खेल स्टेडियम परिसर में शुरू हुआ। आयोजन का विधिवत आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव ने कहा कि खेलो से तन-मन स्वस्थ रहता है। यह प्रतियोगिता 28 जनवरी तक जारी रहेगी जिसमें हर रोज कम से कम दो-दो मैच खेले जाएंगे। स्टेडियम परिसर के कबड्डी ग्राउण्ड पर आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम को कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश टण्डन, जिला क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्य डॉ राकेश जादौन, कॉ-आपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल तामकार ने भी सम्बोधित किया।

रोशनी के निर्देश

विदिशा ,(निप्र)। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की सायंकाल को जिले के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा ततसंबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर पालन सुनिश्चित कराने हेतु ताकिद किया गया है। क्रमांक 190

गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व का आयोजन

विदिशा ,(निप्र)। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन रविन्द्रनाथ टेगोर (आडिटोरियम) में सायं 5.30 बजे से शुरू होगा। स्वराज संस्थान संचालनालय के उप संचालक द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विदिशा जिले में भोपाल की सुश्री सुहासिनी जोशी की पांच सदस्यों के द्वारा देशभक्ति गीत एवं सागर जिले के लखन रजक की 15 सदस्यीय दल के द्वारा जवारा नृत्य का प्रदर्शन सांस्कृतिक, देशभक्ति गीतों के माध्यम से किया जाएगा। क्रमांक 191

छाया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

विदिशा ,(निप्र)। भारत पर्व आयोजन स्थल रविन्द्रनाथ टेगोर (आडिटोरियम) में जनसम्पर्क विभाग के द्वारा विकास पर आधारित योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों पर आधारितछाया प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में जिलों में हुई प्रगति और विकास कार्यों को छाया चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। क्रमांक 192

गुरूवार को शुष्क दिवस घोषित

विदिशा ,(निप्र)। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस गुरूवार को सम्पूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी गुरूवार को विदिशा जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानो से मदिरा विक्रय एवं मद्य भण्डागारो से मदिरा परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। संबंधितों को जारी आदेश का कठाई से पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है। क्रमांक 193

फायनल रिहर्सल आज

विदिशा ,(निप्र)। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के पावन पर्व पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शामिल कार्यक्रमों का जारी पूर्वाभ्यास का फायनल रिहर्सल 24 जनवरी की प्रातः नौ बजे से पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया गया है। जिसका जायजा कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से लिया जाएगा।

बिजली पानी की समस्या प्राथमिकता के आधार पर हल होगी- भार्गव

विदिशा,(निप्र)। विधायक शशांक श्रीकृष्ण भार्गव ने अपनी विधायक निधि से ग्राम पंचायत सिमरहार की कई सौगात दी। आज विधायक भार्गव ने ग्राम सिमरहार में जनसुविधा के लिए 4 लाख की विधायक निधि से निर्मित दो सी. सी. सड़क का लोकार्पण किया। वही ग्राम पंचायत सिमरहार के पहाड़िया में सुलभ विद्युत आपूर्ति हेतु 3.52 लाख की राशि में स्थापित नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया एवं बस्ती में पेयजल समस्या को हल करने के लिए ग्राम पंचायत सिमरहार को 1.63 लाख की राशि का पानी टैंकर सौंपा। जिससें लगभग 100 परिवारो को सीधा लाभ मिलेगा। इसी प्रकार ग्राम करारिया में विधायक भार्गव ने विधायक निधि स्थापित नवीन विद्युत ट्रासफार्मर का लोकार्पण किया एवं 50 हजार रुपए की राशि से चबूतरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम वासियों को संबोधित करतु हुए विधायक भार्गव ने कहा कि पिछले वर्ष अधिकारी कर्मचारियो के साथ विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव और मंजरे-टोले का दौरा कर जनसमस्याओ को देखा था तभी संकल्प लिया था कि हर गांव में बिजली और पानी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। इसी क्रम में ग्राम सिमरहार व पहाड़िया में विधायक निधि से विद्युत आपूर्ति व पेयजल आपूर्ति की समस्या का निवारण किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में विशेष अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष राकेश कटारे, नंदकिशोर शर्मा, गौरव दांगी, मलखान मीणा, सरपंच हल्के सिंह दांगी, देवेन्द्र दांगी, संतोष गुर्जर, थानसिंह दांगी चन्द्रपाल रघुवंशी, जगमोहन सोनी, कल्याण सिंह दांगी, महेन्द्र रघुवंशी, अशोक राजपूत, देशराज रघुवंशी उपस्थित रहे। ग्राम सिमरहार, पहाडिया एवं करारिया के ग्राम वासियो ने विकास कार्यो के लिए विधायक भार्गव का आभार व्यक्त किया है।

जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों से की परीक्षा पे चर्चा

दहशत के माहौल से दूर रहकर करें अध्ययन कार्य -विधायक

आष्टा,(निप्र)। एग्जाम वॉरियर्स युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने और छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने की एक सकारात्मक पहल है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ लाने के लिए एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां प्रत्येक बच्चे के व्यक्तित्व को निखारना और प्रोत्साहित करना है। इस आशय के विचार सीएम राइस शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित परीक्षा पे चर्चा के दौरान विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुवे विधायक रघुनाथसिंह मालवीय ने व्यक्त किये . विधायक श्री मालवीय ने कहा कि मैं चाहता हूं कि परीक्षा के दौरान छात्र दहशत के माहौल से दूर रहें।





Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited

CIN: L24219MP1982PLC004937

Regd. Office : A.B. Road, Village Nimrani, Tehsil Kasrawad, Dist. Khargone-451569 (M.P.)

Phone: 0731-4237926, E-mail: secretarial@kcfl.in, Website: www.kcfl.co.in

Statement of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months Ended December 31, 2022

(Amount ₹ in Lacs)

Sr. No.	Particulars	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
		31.12.2022	30.09.2022	31.12.2021	31.12.2022	31.12.2021	31.03.2022
		Unaudited			Unaudited		Audited
1	Total Income from Continuing Operations	21,387.55	27,736.61	27,326.45	70,716.09	63,170.11	82,503.66
2	Profit before Depreciation & Tax (Cash Profits) from Continuing Operations	881.35	2,606.63	4,143.67	4,721.81	10,508.86	11,022.39
3	Net Profit for the period (before Tax & Exceptional items) from Continuing Operations	643.13	2,359.85	3,968.18	4,050.86	9,970.20	10,288.63
4	Tax Expenses (including Deferred tax)	154.64	654.79	1,069.78	1,062.90	2,258.65	2,271.77
5	Net Profit for the period (after tax & Exceptional items) - Continuing Operation	488.49	1,705.06	2,898.40	2,987.96	7,711.55	8,016.86
6	Profit / (loss) for the period / year - Discontinuing Operation	264.06	-	(1.63)	264.06	(51.34)	(67.24)
7	Net Profit for the period after tax & Exceptional items) - Continuing & Discontinued Operation	752.55	1,705.06	2,896.77	3,252.02	7,660.21	7,949.62
8	Total Comprehensive Income for the period / year [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	833.38	1,720.21	2,859.16	3,372.56	7,619.75	8,094.39
9	Equity Share Capital	969.89	969.89	969.89	969.89	969.89	969.89
10	Other Equity (As per last Audited Balance Sheet)	-	-	-	-	-	24,255.66
11	Earning Per Share (of ₹1/- each) (not annualised)						
	Basic and Diluted - Continuing Operation (Rupees)	0.50	1.76	2.99	3.08	7.95	8.27
	Basic and Diluted - Discontinued Operation (Rupees)	0.27	-	-	0.27	(0.05)	(0.07)
	Basic and Diluted-Continuing operation and Discontinued Operation (Rupees)	0.77	1.76	2.99	3.35	7.90	8.20

Notes:

The above is an extract of the detailed format of Quarter and Nine Months ended Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges Under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarter and Nine Months ended Unaudited Financial Results are available on the Stock Exchange websites (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and also hosted on the Company's website at (**www.kcfl.co.in**)

By order of the Board
for **Khaitan Chemicals and Fertilizers Limited**
Sd/-
(Shailesh Khaitan)
Chairman & Managing Director
DIN : 00041247

Place: **New Delhi**
Date : **January 23, 2023**

VIGILANCE